**SET-1**

**Series BVM/C**

कोड नं.
Code No. **67/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **28** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **28** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र

# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



collegedunia India's largest Student Review Platform

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है –* ***क*** *और* ***ख*** *।*

*(ii)* *खण्ड* ***क*** *सभी के लिए* ***अनिवार्य*** *है ।*

*(iii)* *खण्ड* ***ख*** *के दो विकल्प हैं – वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा अभिकलित्र लेखांकन ।*

*(iv)* *खण्ड* ***ख*** *से* ***केवल एक*** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v)* *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains two parts –* ***A*** *and* ***B****.*

*(ii)* *Part* ***A*** *is* ***compulsory*** *for all.*

*(iii)* *Part* ***B*** *has two options – Analysis of Financial Statements and Computerised Accounting.*

*(iv)* *Attempt* ***only one*** *option of Part* ***B****.*

*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

**खण्ड क**

**(अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)**

**PART A**

**(Accounting for Not-for-Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)**

**1.** अंशों के अधि-अभिदान का क्या अर्थ है ? *1*

**अथवा**

अंश के 'सममूल्य' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by over subscription of shares ?

**OR**

What is meant by 'par value' of a share ?

**2.** क, ख तथा ग साझेदार थे तथा 5 : 4 : 3 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से अपने लाभ-सहभाजन अनुपात को 2 : 2 : 1 में बदलने का निर्णय लिया । उस तिथि को सामान्य संचय में ₹ 3,00,000 का शेष था तथा लाभ-हानि खाते के नाम पक्ष में ₹ 4,80,000 का शेष था ।

उपर्युक्त के लिए लाभ-सहभाजन अनुपात में परिवर्तन के समय आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *1*

A, B and C were partners sharing profits in the ratio of 5 : 4 : 3. They decided to change their profit sharing ratio to 2 : 2 : 1 w.e.f. 1st April, 2019. On that date, there was a balance of ₹ 3,00,000 in General Reserve and a debit balance of ₹ 4,80,000 in the Profit and Loss Account.

Pass necessary journal entries for the above on account of change in the profit sharing ratio.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**3.** 1 जुलाई, 2018 को राज तथा सीमा ने एक साझेदारी फर्म आरम्भ की । उन्होंने निर्णय लिया कि राज को ₹ 2,500 प्रति तिमाही वेतन तथा सीमा के कमीशन के पश्चात् सीमा को शुद्ध लाभ का 10% कमीशन देय था ।

राज को वेतन तथा सीमा को कमीशन से पूर्व 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ ₹ 2,27,500 था । सीमा के कमीशन की गणना कीजिए । *1*

Raj and Seema started a partnership firm on 1st July, 2018. They agreed that Seema was entitled to a commission of 10% of the net profit after charging Raj's salary of ₹ 2,500 per quarter and Seema's commission.

The net profit before charging Raj's salary and Seema's commission for the year ended 31st March, 2019 was ₹ 2,27,500. Calculate Seema's commission.

**4.** किसी अलाभकारी संगठन के वित्तीय विवरण तैयार करते समय सामान्य दान का लेखा कैसे किया जाता है ? *1*

**अथवा**

'आजीवन सदस्यता शुल्क' का क्या अर्थ है ? *1*

How are general donations treated while preparing financial statements of a not-for-profit organisation ?

**OR**

What is meant by 'life membership fee' ?

**5.** एक साझेदार के प्रवेश के समय फर्म के लाभ में से नए साझेदार के लाभ के भाग का निर्णय कौन करता है ? *1*

**अथवा**

अवकाश ग्रहण करते समय शेष साझेदारों के नए लाभ-सहभाजन अनुपात की गणना कैसे की जाती है ? *1*

At the time of admission of a partner, who decides the share of profit of the new partner out of the firm's profit ?

**OR**

At the time of retirement, how is the new profit sharing ratio among the remaining partners calculated ?

**6.** क तथा ख एक फर्म के साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । श्रीमती ख ने फर्म को ₹ 40,000 का ऋण दिया हुआ है तथा क ने भी ₹ 80,000 का ऋण दिया हुआ है । फर्म का विघटन हो गया तथा इसकी परिसम्पत्तियों के बेचने से ₹ 60,000 प्राप्त हुए ।

यह मानते हुए कि फर्म की अन्य कोई तृतीय पक्ष देयता नहीं थी श्रीमती ख तथा क के ऋण भुगतान के क्रम का उल्लेख कीजिए । *1*

A and B are partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2. Mrs. B has given a loan of ₹ 40,000 to the firm and A has also given a loan of ₹ 80,000 to the firm. The firm was dissolved and its assets realised ₹ 60,000.

State the order of payment of Mrs. B's loan and A's loan assuming that there was no other third party liability of the firm.



collegedunia India's largest Student Review Platform

7. हरी तथा किशन साझेदार थे तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । उन्होंने लाभ के 1/5 भाग के लिए श्याम को एक साझेदार बनाया । इस उद्देश्य के लिए फर्म की ख्याति का मूल्यांकन पिछले पाँच वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर करना था । पिछले पाँच वर्षों के लाभ थे :

| वर्ष | 2013 – 14 | 2014 – 15 | 2015 – 16 | 2016 – 17 | 2017 – 18 |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ (₹) | 50,000 | 40,000 | 75,000 | (25,000) | 50,000 |

निम्नलिखित का समायोजन करने के पश्चात् फर्म की ख्याति की गणना कीजिए : *3*

वर्ष 2014 – 15 के लाभ की गणना माल की अग्नि द्वारा ₹ 10,000 की असामान्य हानि लगाने के पश्चात् की गई थी ।

Hari and Krishan were partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. They admitted Shyam as a partner for 1/5$^{th}$ share in the profits. For this purpose the Goodwill of the firm was to be valued on the basis of three years' purchase of last five years average profits. The profits for the last five years were :

| Year | 2013 – 14 | 2014 – 15 | 2015 – 16 | 2016 – 17 | 2017 – 18 |
|---|---|---|---|---|---|
| Profit (₹) | 50,000 | 40,000 | 75,000 | (25,000) | 50,000 |

Calculate Goodwill of the firm after adjusting the following :

The profit of 2014 – 15 was calculated after charging ₹ 10,000 for abnormal loss of goods by fire.

8. क तथा ख एक फर्म के साझेदार हैं तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । उनकी स्थायी पूँजी : क ₹ 9,00,000 तथा ख ₹ 4,00,000 थी । साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान था :

(i) पूँजी पर 10% प्रति वर्ष ब्याज

(ii) क को प्रति वर्ष ₹ 50,000 वेतन तथा ख को प्रति माह ₹ 3,000 वेतन ।

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लाभ ₹ 2,78,000 का विभाजन पूँजी पर ब्याज तथा साझेदारों का वेतन लगाए बिना कर दिया गया ।

अपने कार्य को स्पष्ट दर्शाते हुए उपर्युक्त चूक के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए । *3*

**अथवा**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे । 1 अप्रैल, 2018 को उनकी पूँजी क्रमश: ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 तथा ₹ 2,00,000 थी । साझेदारी संलेख के प्रावधानों के अनुसार

(i) क को ₹ 5,000 प्रति माह वेतन देय था ।

(ii) साझेदारों को पूँजी पर 10% प्रति वर्ष ब्याज देय था ।

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का शुद्ध लाभ ₹ 3,00,000 का विभाजन साझेदारों के मध्य उपर्युक्त मदों का प्रावधान किए बिना कर दिया गया ।

अपने कार्य को स्पष्ट दर्शाते हुए उपर्युक्त त्रुटि के शोधन के लिए समायोजन प्रविष्टि कीजिए । *3*

A and B are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 7 : 3. Their fixed capitals were : A ₹ 9,00,000 and B ₹ 4,00,000. The partnership deed provided the following :

(i) Interest on capital @ 10% p.a.

(ii) A's salary ₹ 50,000 per year and B's salary ₹ 3,000 per month.

Profit for the year ended 31st March, 2019 ₹ 2,78,000 was distributed without providing for interest on capital and partners' salary.

Showing your working clearly, pass the necessary adjustment entry for the above omissions.

**OR**

A, B and C were partners in a firm. On 1st April, 2018, their capitals stood at ₹ 4,00,000, ₹ 3,00,000 and ₹ 2,00,000 respectively. As per the provisions of the partnership deed

(i) A was entitled to a salary of ₹ 5,000 per month.

(ii) Partners were entitled to interest on capital @10% p.a.

The net profit for the year ended 31st March, 2019, ₹ 3,00,000 was divided among the partners without providing for the above items.

Showing your working clearly, pass an adjustment entry to rectify the above error.

**9.** निम्नलिखित मदों को 31 मार्च, 2019 को क्वीन्स क्लब के स्थिति विवरण में दर्शाइए :

| | |
|---|---|
| पूँजी कोष (1 अप्रैल, 2018) | ₹ 10,80,000 |
| भवन कोष (1 अप्रैल, 2018) | ₹ 4,80,000 |
| भवन के लिए प्राप्त दान | ₹ 6,00,000 |
| 10% भवन कोष निवेश (1 अप्रैल, 2018) | ₹ 4,80,000 |
| भवन कोष निवेश पर प्राप्त ब्याज | ₹ 48,000 |

भवन निर्माण पर ₹ 3,60,000 का व्यय हुआ । भवन निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है तथा पूर्ण नहीं हुआ है । *3*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Present the following items in the Balance Sheet of Queen's Club as at 31st March, 2019 :

| | |
|---|---|
| Capital Fund (1st April, 2018) | ₹ 10,80,000 |
| Building Fund (1st April, 2018) | ₹ 4,80,000 |
| Donation received for Building | ₹ 6,00,000 |
| 10% Building Fund Investments (1st April, 2018) | ₹ 4,80,000 |
| Interest received on Building Fund Investments | ₹ 48,000 |

Expenditure on construction of building ₹ 3,60,000. The construction work is in progress and has not yet been completed.

**10.** क, ख तथा ग एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । घ को लाभ में 1/4 भाग के लिए फर्म में प्रवेश दिया गया, जिसे उसने 3/16 क से तथा 1/16 ख से प्राप्त किया । फर्म की कुल पूँजी के लिए ₹ 1,20,000 की सहमति हुई तथा इस राशि के 1/4 भाग के बराबर घ अपनी पूँजी के रूप में नगद लाया । नगद लाकर अथवा भुगतान करके अन्य साझेदारों की पूँजियों का समायोजन लाभ में उनके भाग के अनुसार करना था । परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्धारण तथा देयताओं के पुनर्मूल्यांकन से सम्बन्धित सभी समायोजनों के पश्चात् क, ख तथा ग की पूँजी क्रमशः ₹ 40,000; ₹ 35,000 तथा ₹ 30,000 थी ।

क, ख तथा ग की नई पूँजी की गणना कीजिए तथा उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *3*

A, B and C were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. D was admitted into the firm with 1/4th share in profits, which he got 3/16th from A and 1/16th from B. The total capital of the firm as agreed upon was ₹ 1,20,000 and D brought in cash equivalent to 1/4th of this amount as his capital. The capital of other partners also had to be adjusted in the ratio of their respective share in profits by bringing in or paying cash. The capitals of A, B and C after all adjustments related to revaluation of assets and reassessment of liabilities were ₹ 40,000; ₹ 35,000 and ₹ 30,000 respectively.

Calculate the new capitals of A, B and C and record the necessary journal entries for the above transactions.

**11.** रवि तथा मुकेश एक फर्म के साझेदार थे तथा लाभ-हानि बराबर-बराबर बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को उनकी फर्म का विघटन हो गया । विघटन के समय उनका स्थिति विवरण ₹ 60,000 स्टॉक तथा ₹ 70,000 लेनदार दर्शा रहा था । स्टॉक तथा लेनदारों को वसूली खाते में हस्तान्तरित करने के पश्चात् निम्नलिखित लेनदेन हुए :

(i) रवि ने कुल स्टॉक का 40%, 20% के बट्टे पर ले लिया ।

(ii) कुल स्टॉक के 30% को ₹ 20,000 के लेनदारों ने पूर्ण भुगतान में ले लिया ।

(iii) शेष स्टॉक को 25% के लाभ पर नगद बेच दिया गया ।

(iv) शेष लेनदारों को 10% के बट्टे पर नगद भुगतान किया गया ।

फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *4*



collegedunia India's largest Student Review Platform

Ravi and Mukesh were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 31st March, 2019 their firm was dissolved. On the date of dissolution their Balance Sheet showed stock of ₹ 60,000 and creditors of ₹ 70,000. After transferring stock and creditors to realisation account the following transactions took place :

(i) Ravi took over 40% of total stock at 20% discount.

(ii) 30% of total stock was taken over by creditors of ₹ 20,000 in full settlement.

(iii) Remaining stock was sold for cash at a profit of 25%.

(iv) Remaining creditors were paid in cash at a discount of 10%.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm.

**12.** क, ख तथा ग एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 30 जून, 2016 को ग का देहान्त हो गया । सभी आवश्यक समायोजनों के पश्चात् उसका पूँजी खाता ₹ 70,600 का जमा शेष दर्शा रहा था । ग के निष्पादक को ₹ 10,600 का भुगतान 1 जुलाई, 2016 को कर दिया गया तथा शेष का भुगतान 30 जून, 2017 से आरम्भ करके तीन बराबर वार्षिक किश्तों में अदत्त राशि पर 10% प्रति वर्ष ब्याज के साथ किया गया । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है ।
पूर्ण भुगतान होने तक ग के निष्पादक का खाता तैयार कीजिए । *4*

A, B and C were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 1. C died on 30th June, 2016. After all the necessary adjustments, his capital account showed a credit balance of ₹ 70,600. C's executor was paid ₹ 10,600 on 1st July, 2016 and the balance in three equal yearly instalments starting from 30th June, 2017 with interest @ 10% p.a. on the unpaid amount. The firm closes its books on 31st March every year.
Prepare C's Executor's Account till the amount is finally paid.

**13.** 1 अप्रैल, 2016 को गणेश लिमिटेड ने सोहन लिमिटेड की ₹ 6,00,000 की परिसम्पत्तियाँ तथा ₹ 70,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 6,60,000 के मूल्य पर किया । गणेश लिमिटेड ने क्रय मूल्य का पूर्ण भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के 12% ऋणपत्रों को 10% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया । ऋणपत्रों का शोधन तीन वर्षों के पश्चात् 5% के प्रीमियम पर करना था । कम्पनी ने 31 मार्च, 2018 को ऋणपत्र शोधन संचय में न्यूनतम आवश्यक राशि हस्तान्तरित करने का निर्णय लिया । इसने 10% वार्षिक ब्याज पर सरकारी प्रतिभूतियों में आवश्यक निवेश 1 अप्रैल, 2018 को किया । निवेश पर अर्जित ब्याज पर कर कटौती 10% की दर से की गई ।
ऋणपत्र निर्गमन पर हानि को अपलिखित करने तथा ऋणपत्रों पर ब्याज की प्रविष्टियों को छोड़कर ऋणपत्रों के निर्गमन तथा शोधन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *6*


collegedunia
India's largest Student Review Platform

On 1st April, 2016, Ganesh Ltd. acquired assets of ₹ 6,00,000 and took over liabilities of ₹ 70,000 of Sohan Ltd. at an agreed value of ₹ 6,60,000. Ganesh Ltd. issued 12% Debentures of ₹ 100 each at a premium of 10% in full satisfaction of purchase consideration. The debentures were redeemable after three years at a premium of 5%. The company decided to transfer the minimum required amount to Debenture Redemption Reserve on 31st March, 2018. It also made the required investment in Government securities earning interest @ 10% p.a. on 1st April, 2018. Tax was deducted on interest earned @ 10%.
Ignoring entries relating to writing off loss on issue of debentures and interest paid on debentures, pass the necessary journal entries to record the issue and redemption of debentures.

**14.** एक्स तथा वाई साझेदार हैं तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । उनके साझेदारी संलेख में पूँजी पर 10% वार्षिक ब्याज लगाने तथा आहरण पर 12% वार्षिक ब्याज लेने का प्रावधान था । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अधूरा लाभ-हानि नियोजन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा चालू खाते नीचे दिए गए हैं ।

**31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि नियोजन खाता**

नाम　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　जमा

| विवरण | | राशि (₹) | विवरण | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी पर ब्याज : | | | लाभ-हानि खाता : शुद्ध लाभ नीचे लाए | | .......... |
| एक्स का चालू खाता | .......... | | आहरण पर ब्याज : | | |
| वाई का चालू खाता | .......... | .......... | एक्स का चालू खाता | .......... | |
| वेतन : | | | वाई का चालू खाता | .......... | .......... |
| वाई का चालू खाता | | .......... | | | |
| हस्तान्तरित लाभ : | | | | | |
| एक्स का चालू खाता | 1,20,000 | | | | |
| वाई का चालू खाता | .......... | .......... | | | |
| | | 2,84,000 | | | 2,84,000 |

**साझेदारों के पूँजी खाते**

नाम　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　जमा

| विवरण | एक्स (₹) | वाई (₹) | विवरण | एक्स (₹) | वाई (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| शेष नीचे ले गए | .......... | .......... | शेष नीचे लाए | .......... | .......... |
| | .......... | .......... | | .......... | .......... |



collegedunia India's largest Student Review Platform

## साझेदारों के चालू खाते

नाम                            जमा

| विवरण | एक्स (₹) | वाई (₹) | विवरण | एक्स (₹) | वाई (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| बैंक (आहरण) | 10,000 | 9,000 | शेष नीचे लाए | 78,000 | 69,000 |
| .......... | .......... | .......... | पूँजी पर ब्याज | 18,000 | 24,000 |
| .......... | .......... | .......... | .......... | .......... | .......... |
| | | | .......... | .......... | .......... |
| | .......... | .......... | | .......... | .......... |

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ-हानि विनियोजन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा चालू खातों को पूरा कीजिए । *6*

**अथवा**

एक्स तथा वाई एक फर्म के साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । उनकी स्थायी पूँजी क्रमश: ₹ 5,00,000 तथा ₹ 3,00,000 है । पूँजी पर 9% प्रति वर्ष ब्याज देय है । आहरण पर 12% प्रति वर्ष ब्याज लगाया जाता है । एक्स को ₹ 4,000 प्रति माह वेतन देय है । वाई के ऋण ₹ 2,00,000 पर 6% वार्षिक ब्याज दिया जाता है । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष में एक्स का आहरण ₹ 60,000 तथा वाई का आहरण ₹ 72,000 था । शुद्ध लाभ का 5% सामान्य संचय में हस्तान्तरित करना है । 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का अधूरा लाभ-हानि विनियोजन खाता नीचे दिया गया है :

**31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष का अधूरा लाभ-हानि विनियोजन खाता**

नाम                            जमा

| विवरण | राशि (₹) | विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी पर ब्याज : | | लाभ-हानि खाता | |
| एक्स का चालू खाता ......... | | शुद्ध लाभ नीचे लाए | .......... |
| वाई का चालू खाता ......... | .......... | आहरण पर ब्याज : | |
| वेतन : | | एक्स का चालू खाता ........ | |
| एक्स का चालू खाता | .......... | वाई का चालू खाता ......... | .......... |
| सामान्य संचय | 15,000 | | |
| हस्तान्तरित लाभ : | | | |
| एक्स का चालू खाता .......... | | | |
| वाई का चालू खाता .......... | .......... | | |
| | .......... | | .......... |

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एक्स तथा वाई का लाभ-हानि विनियोजन खाता पूरा कीजिए । *6*



collegedunia India's largest Student Review Platform

X and Y are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. Their partnership deed provided for allowing interest on capital @ 10% p.a. and charging interest on drawings @ 12% p.a. The incomplete Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2019, partners capital and current accounts are given below :

**Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2019**

Dr | Cr

| Particulars | | Amount (₹) | Particulars | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| To Interest on Capital : | | | By Profit and Loss A/c | | |
| X's Current A/c | .......... | | Net Profit b/d | | .......... |
| Y's Current A/c | .......... | .......... | By Interest on Drawings : | | |
| To Salary | | | X's Current A/c | ......... | |
| Y's Current A/c | | .......... | Y's Current A/c | ......... | .......... |
| To Profit transferred to : | | | | | |
| X's Current A/c | 1,20,000 | | | | |
| Y's Current A/c | .......... | .......... | | | |
| | | 2,84,000 | | | 2,84,000 |

**Partners' Capital Accounts**

Dr | Cr

| Particulars | X (₹) | Y (₹) | Particulars | X (₹) | Y (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| To Balance c/d | .......... | .......... | By Balance b/d | .......... | .......... |
| | .......... | .......... | | .......... | .......... |

**Partners' Current Accounts**

Dr | Cr

| Particulars | X (₹) | Y (₹) | Particulars | X (₹) | Y (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| To Bank (Drawing) | 10,000 | 9,000 | By Balance b/d | 78,000 | 69,000 |
| To .......... | .......... | .......... | By Interest on Capital | 18,000 | 24,000 |
| To .......... | .......... | .......... | By .......... | .......... | .......... |
| | | | By .......... | .......... | .......... |
| | .......... | .......... | | .......... | .......... |

Complete the Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2019, Partners' Capital Accounts and Current Accounts.

**OR**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

X and Y are partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1. Their fixed capitals are ₹ 5,00,000 and ₹ 3,00,000 respectively. Interest on capital is allowed @ 9% p.a. while interest on drawings is charged @ 12% p.a. X is allowed a salary of ₹ 4,000 per month. Interest on Y's loan of ₹ 2,00,000 is to be provided @ 6% p.a. During the year ended 31st March, 2019, X's drawings were ₹ 60,000 and Y's drawings were ₹ 72,000. 5% of the Net Profit is to be transferred to General Reserve. Incomplete Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2019 prepared by the firm is given below :

**Incomplete Profit and Loss Appropriation Account for the year ended 31st March, 2019**

Dr | | | Cr

| Particulars | Amount (₹) | Particulars | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| To Interest on Capital : | | By Profit and Loss A/c | |
| X's Current A/c .......... | | Net Profit b/d | .......... |
| Y's Current A/c .......... | .......... | By Interest on Drawings : | |
| To Salary | | X's Current A/c ........ | |
| X's Current A/c | .......... | Y's Current A/c ......... | .......... |
| To General Reserve | 15,000 | | |
| To Profit transferred to : | | | |
| X's Current A/c .......... | | | |
| Y's Current A/c .......... | .......... | | |
| | .......... | | .......... |

Complete the Profit and Loss Appropriation A/c of X and Y for the year ended 31st March, 2019.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**15.** निम्न प्राप्ति तथा भुगतान खाते तथा दी गई अतिरिक्त सूचना से 31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मॉडर्न हैल्थ क्लब का आय एवं व्यय खाता तथा 31 मार्च, 2019 को स्थिति विवरण तैयार कीजिए । *6*

**31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति एवं भुगतान खाता**

| प्राप्तियाँ | राशि (₹) | भुगतान | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| शेष नीचे लाए | 17,000 | वेतन | 30,000 |
| चन्दा | 60,000 | किराया | 18,300 |
| दान | 2,000 | मरम्मत | 4,700 |
| फर्नीचर (पुस्तक मूल्य ₹ 6,000) | 5,000 | पुस्तकें | 16,000 |
| आजीवन सदस्यता शुल्क | 7,000 | भवन | 30,000 |
| निवेश पर ब्याज (पूर्ण वर्ष के लिए 5% की दर से) | 9,000 | शेष नीचे ले गए | 1,000 |
| | 1,00,000 | | 1,00,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

| | विवरण | 31.03.2018 (₹) | 31.03.2019 (₹) |
|---|---|---|---|
| (i) | अग्रिम प्राप्त चन्दा | 4,000 | 5,000 |
| (ii) | अदत्त चन्दा | 3,000 | 4,000 |
| (iii) | पुस्तकें | 12,500 | 26,500 |



collegedunia India's largest Student Review Platform

From the following Receipts and Payments Account and additional information of Modern Health Club, prepare Income and Expenditure Account for the year ended 31st March, 2019 and the Balance Sheet as at 31st March, 2019.

**Receipts and Payments Account for the year ended 31st March, 2019**

| Receipts | Amount (₹) | Payments | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| To Balance b/d | 17,000 | By Salaries | 30,000 |
| To Subscriptions | 60,000 | By Rent | 18,300 |
| To Donations | 2,000 | By Repairs | 4,700 |
| To Furniture (Book Value ₹ 6,000) | 5,000 | By Books | 16,000 |
| To Life Membership Fees | 7,000 | By Buildings | 30,000 |
| To Interest on Investment (@ 5% for full year) | 9,000 | By Balance c/d | 1,000 |
| | 1,00,000 | | 1,00,000 |

*Additional Information :*

| | Particulars | 31.03.2018 (₹) | 31.03.2019 (₹) |
|---|---|---|---|
| (i) | Subscription received in advance | 4,000 | 5,000 |
| (ii) | Outstanding Subscription | 3,000 | 4,000 |
| (iii) | Books | 12,500 | 26,500 |



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**16.** लिसा, मोनिका तथा निशा एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31 मार्च, 2019 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को लिसा, मोनिका तथा निशा का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| व्यापारिक लेनदार | | 1,60,000 | भूमि तथा भवन | 10,00,000 |
| देय बिल | | 2,44,000 | मशीनरी | 12,00,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि | | 76,000 | स्टॉक | 10,00,000 |
| पूँजी : | | | विविध देनदार | 4,00,000 |
| लिसा | 14,00,000 | | बैंक | 40,000 |
| मोनिका | 14,00,000 | | | |
| निशा | 3,60,000 | 31,60,000 | | |
| | | 36,40,000 | | 36,40,000 |

31 मार्च, 2019 को मोनिका ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया तथा शेष साझेदारों ने व्यवसाय चालू रखने का निर्णय किया । यह सहमति हुई कि :

(i) भूमि तथा भवन का मूल्य ₹ 2,40,000 बढ़ाया जाएगा तथा मशीनरी पर 10% मूल्यह्रास लगाया जाएगा ।

(ii) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार ने 50% स्टॉक पुस्तक मूल्य पर ले लिया ।

(iii) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा ।

(iv) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया तथा ख्याति में मोनिका के भाग का समायोजन लिसा तथा निशा के खातों द्वारा किया जाएगा ।

(v) नई फर्म की कुल पूँजी ₹ 27,00,000 निश्चित की गई जो लिसा तथा निशा के नए लाभ-सहभाजन अनुपात में होगी । इस उद्देश्य के लिए साझेदारों के चालू खाते खोले जाएँगे ।

मोनिका के अवकाश ग्रहण करने पर पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । 8

**अथवा**



collegedunia India's largest Student Review Platform

मदन तथा मोहन जो 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे का 31 मार्च, 2019 को स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

**31 मार्च, 2019 को मदन तथा मोहन का स्थिति विवरण**

| देयताएँ | | राशि (₹) | परिसम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 28,000 | बैंक में नगद | | 10,000 |
| सामान्य संचय | | 10,000 | देनदार | 65,000 | |
| कर्मचारी भविष्य निधि | | 22,000 | घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 5,000 | 60,000 |
| पूँजी : | | | स्टॉक | | 33,000 |
| मदन | 60,000 | | एकस्व | | 57,000 |
| मोहन | 40,000 | 1,00,000 | | | |
| | | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

1 अप्रैल, 2019 को निम्नलिखित शर्तों पर लाभ के 1/5 भाग के लिए उन्होंने गोपाल को एक नया साझेदार बनाया । गोपाल ने अपना भाग पूर्ण रूप से मोहन से अधिकृत किया ।

(i) गोपाल ₹ 10,000 ख्याति प्रीमियम का अपना भाग लाएगा ।

(ii) ₹ 3,000 का एक देनदार, जिसकी देय राशि का लेखा डूबत ऋण के रूप में कर दिया गया था, ने अपने पूर्ण निपटान हेतु ₹ 2,000 का भुगतान किया ।

(iii) कर्मचारी क्षतिपूर्ति के एक दावे के लिए ₹ 5,000 का प्रावधान करना था ।

(iv) एकस्व का मूल्यांकन ₹ 2,000 कम किया गया था । पुस्तकों में स्टॉक का मूल्यांकन इसके बाज़ार मूल्य से 10% अधिक किया गया था ।

(v) सभी समायोजनों के पश्चात् गोपाल, मदन तथा मोहन की संयुक्त पूँजी के 20% के बराबर पूँजी लाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए । *8*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

Lisa, Monika and Nisha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On 31st March, 2019, their Balance Sheet was as follows :

**Balance Sheet of Lisa, Monika and Nisha as at 31st March, 2019**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Trade Creditors | | 1,60,000 | Land and Building | 10,00,000 |
| Bills Payable | | 2,44,000 | Machinery | 12,00,000 |
| Employees Provident Fund | | 76,000 | Stock | 10,00,000 |
| Capitals : | | | Sundry Debtors | 4,00,000 |
| Lisa | 14,00,000 | | Bank | 40,000 |
| Monika | 14,00,000 | | | |
| Nisha | 3,60,000 | 31,60,000 | | |
| | | 36,40,000 | | 36,40,000 |

On 31st March, 2019, Monika retired from the firm and the remaining partners decided to carry on the business. It was agreed that :

(i) Land and building be appreciated by ₹ 2,40,000 and machinery be depreciated by 10%.

(ii) 50% of the stock was taken over by the retiring partner at book value.

(iii) Provision for doubtful debts was to be made at 5% on debtors.

(iv) Goodwill of the firm be valued at ₹ 3,00,000 and Monika's share of goodwill be adjusted in the accounts of Lisa and Nisha.

(v) The total capital of the new firm be fixed at ₹ 27,00,000 which will be in the proportion of the new profit sharing ratio of Lisa and Nisha. For this purpose, current accounts of the partners were to be opened.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm on Monika's retirement.

**OR**



collegedunia India's largest Student Review Platform

On 31st March, 2019 the Balance Sheet of Madan and Mohan who share profits and losses in the ratio of 3 : 2 was as follows :

**Balance Sheet of Madan and Mohan as at 31st March, 2019**

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 28,000 | Cash at Bank | | 10,000 |
| General Reserve | | 10,000 | Debtors | 65,000 | |
| Employees Provident Fund | | 22,000 | Less : Provision for Doubtful debts | 5,000 | 60,000 |
| Capitals : | | | Stock | | 33,000 |
| Madan | 60,000 | | Patents | | 57,000 |
| Mohan | 40,000 | 1,00,000 | | | |
| | | 1,60,000 | | | 1,60,000 |

They decided to admit Gopal on 1st April, 2019 for 1/5th share which Gopal acquired wholly from Mohan on the following terms :

(i) Gopal shall bring ₹ 10,000 as his share of premium for Goodwill.

(ii) A debtor whose dues of ₹ 3,000 were written off as bad debt paid ₹ 2,000 in full settlement.

(iii) A claim of ₹ 5,000 on account of workmen's compensation was to be provided for.

(iv) Patents were undervalued by ₹ 2,000. Stock in the books was valued 10% more than its market value.

(v) Gopal was to bring in capital equal to 20% of the combined capitals of Madan and Mohan after all adjustments.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts of the Partners and the Balance Sheet of the new firm.



collegedunia India's largest Student Review Platform

**17.** राठी लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । अंशों का निर्गमन 60% के प्रीमियम पर किया गया । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन तथा आबंटन पर | – | ₹ 6 प्रति अंश (₹ 4 प्रीमियम सहित) |
| प्रथम तथा अन्तिम याचना पर | – | प्रीमियम सहित शेष |

1,90,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । आबंटन निम्न प्रकार से किया गया :

वर्ग क – 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया ।

वर्ग ख – 1,00,000 अंशों के लिए आवेदनों को 50,000 अंशों का आबंटन किया गया ।

वर्ग ग – 80,000 अंशों के लिए आवेदनों को 50,000 अंशों का आबंटन किया गया ।

आवेदन तथा आबंटन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन प्रथम तथा अन्तिम याचना पर देय राशि में किया गया ।

वर्ग ख से सम्बन्धित अली, जिसने 1,000 अंशों के लिए आवेदन किया था, ने अपनी सारी अंश राशि का भुगतान आवेदन के समय कर दिया था ।

वर्ग ग से सम्बन्धित बाली, जिसे 1,000 अंशों का आबंटन किया गया था, प्रथम तथा अन्तिम याचना राशि का भुगतान करने में असफल रहा । उसके अंशों का हरण कर इन्हें ₹ 15 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया था ।

राठी लिमिटेड की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*

**अथवा**

'वीनस लिमिटेड' ₹ 10 प्रत्येक के 4,00,000 अंशों में विभक्त ₹ 40,00,000 की अधिकृत पूँजी के साथ पंजीकृत थी । इनमें से 70,000 पूर्ण प्रदत्त अंशों का निर्गमन 'मैसर्स स्टार लिमिटेड' को उनसे क्रय किए गए भवन के लिए किया गया । 2,00,000 अंशों का निर्गमन जनता को किया गया तथा राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन पर | – | ₹ 3 प्रति अंश |
| आबंटन पर | – | ₹ 2 प्रति अंश |
| प्रथम याचना पर | – | ₹ 2 प्रति अंश |
| दूसरी एवं अन्तिम याचना पर | – | ₹ 3 प्रति अंश |

इन अंशों पर राशि निम्न प्रकार से प्राप्त हुई :

| | | |
|---|---|---|
| 1,00,000 अंशों पर | – | माँगी गई पूर्ण राशि |
| 60,000 अंशों पर | – | ₹ 7 प्रति अंश |
| 30,000 अंशों पर | – | ₹ 5 प्रति अंश |
| 10,000 अंशों पर | – | ₹ 3 प्रति अंश |

निदेशकों ने उन 10,000 अंशों का हरण कर लिया जिन पर केवल ₹ 3 प्रति अंश प्राप्त हुए थे । इन अंशों को ₹ 12 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन:निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए 'वीनस लिमिटेड' की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । *8*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Rathee Ltd. invited applications for issuing 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The shares were issued at a premium of 60%. The amount was payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application and Allotment | – | ₹ 6 per share (including premium ₹ 4) |
| On First and Final Call | – | Balance including premium |

Applications for 1,90,000 shares were received. The allotment was made as follows :

Category A – Applications for 10,000 shares were rejected.

Category B – Applications for 1,00,000 shares were allotted 50,000 shares.

Category C – Applications for 80,000 shares were allotted 50,000 shares.

Excess money received on application and allotment was adjusted towards sums due on first and final call.

Ali, who belonged to Category B, and had applied for 1,000 shares, paid the entire amount of his share money with application.

Bali, who belonged to Category C, was allotted 1,000 shares, failed to pay the first and final call money. His shares were forfeited and re-issued at ₹ 15 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Rathee Ltd.

**OR**

'Venus Ltd' was registered with an authorised capital of ₹ 40,00,000 divided into 4,00,000 equity shares of 10 each. 70,000 of these shares were issued as fully paid to 'M/s. Star Ltd.' for building purchased from them. 2,00,000 shares were issued to the public and the amounts were payable as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On Application | – | ₹ 3 per share |
| On Allotment | – | ₹ 2 per share |
| On First Call | – | ₹ 2 per share |
| On Second and Final Call | – | ₹ 3 per share |

The amounts received on these shares were as follows :

| | | |
|---|---|---|
| On 1,00,000 shares | – | Full amount called |
| On 60,000 shares | – | ₹ 7 per share |
| On 30,000 shares | – | ₹ 5 per share |
| On 10,000 shares | – | ₹ 3 per share |

The directions forfeited 10,000 shares on which only ₹ 3 per share were received. These shares were reissued at ₹ 12 per share fully paid. Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of 'Venus Ltd'.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड ख

## विकल्प I

## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## PART B

## OPTION I

## (Analysis of Financial Statements)

**18.** प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह के कोई दो उदाहरण दीजिए । *1*

Give any two examples of cash flows from operating activities.

**19.** रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के लिए 'वित्तीय गतिविधियों' का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by 'Financing Activities' for preparing Cash Flow Statement ?

**20.** दी गई सूचना से निम्नलिखित अनुपातों की गणना कीजिए : *4*

(i) प्रचालन अनुपात

(ii) स्टॉक आवर्त अनुपात

*सूचना :*

| | | |
|---|---|---|
| प्रचालनों से नगद आगम | : | ₹ 10,00,000 |
| प्रचालनों से उधार आगम | : | प्रचालनों से नगद आगम का 120% |
| प्रचालन व्यय | : | प्रचालनों से कुल आगम का 10% |
| सकल लाभ की दर | : | 40% |
| आरम्भिक स्टॉक | : | ₹ 1,50,000 |
| अन्तिम स्टॉक | : | आरम्भिक स्टॉक से ₹ 20,000 अधिक |

**अथवा**

(क) ब्याज तथा कर पश्चात् एम लिमिटेड का शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000 था । इसकी चालू परिसम्पत्तियाँ ₹ 4,00,000 थीं तथा चालू देयताएँ ₹ 2,00,000 थीं । कर दर 50% थी । इसकी कुल परिसम्पत्तियाँ ₹ 10,00,000 थीं तथा 10% दीर्घावधि ऋण ₹ 4,00,000 था ।

निवेश पर प्रत्याय की गणना कीजिए ।

(ख) एक कम्पनी की प्रचालन से आगम पर सकल लाभ दर 25% है । इसका सकल लाभ ₹ 5,00,000 है । इसका अंशधारक कोष ₹ 25,00,000 है; अचल देयताएँ ₹ 8,00,000 तथा अचल परिसम्पत्तियाँ ₹ 23,00,000 है ।

इसकी कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात की गणना कीजिए । *4*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

From the given information, calculate the following ratios :

(i) Operating Ratio

(ii) Inventory Turnover Ratio

*Information :*

| | | |
|---|---|---|
| Cash Revenue from Operations | : | ₹ 10,00,000 |
| Credit Revenue from Operations | : | 120% of Cash Revenue from Operations |
| Operating Expenses | : | 10% of Total Revenue from Operations |
| Rate of Gross Profit | : | 40% |
| Opening Inventory | : | ₹ 1,50,000 |
| Closing Inventory | : | ₹ 20,000 more than Opening Inventory |

**OR**

(A) Net profit after interest and tax of M Ltd. was ₹ 1,00,000. Its Current Assets were ₹ 4,00,000 and Current Liabilities were ₹ 2,00,000. Tax rate was 50%. Its Total Assets were ₹ 10,00,000 and 10% Long term debt was ₹ 4,00,000.
Calculate Return on Investment.

(B) Rate of Gross profit on Revenue from operations of a company is 25%. Its Gross profit is ₹ 5,00,000. Its Shareholders' Funds are ₹ 25,00,000; Non-current Liabilities are ₹ 8,00,000 and Non-current Assets are ₹ 23,00,000.

Calculate its Working Capital Turnover Ratio.

**21.** कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची-III भाग-I के अनुसार निम्नलिखित मदों को एक कम्पनी के स्थिति विवरण में किन उपशीर्षकों के अन्तर्गत दर्शाया जाएगा ? *4*

(i) पूर्वदत्त व्यय

(ii) खुदरा औज़ार

(iii) माँग पर देय ऋण

(iv) कर्मचारी हित के लिए प्रावधान

(v) लाभ-हानि विवरण में नकारात्मक शेष

(vi) बैंक अधिविकर्ष

(vii) प्राप्य बिल

(viii) व्यापारिक चिह्न



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

Under which sub-headings will the following items be placed in the Balance Sheet of a company as per Schedule-III, Part-I of the Companies Act, 2013 ?

(i) Prepaid Expenses

(ii) Loose Tools

(iii) Loans Repayable on Demand

(iv) Provision for Employees Benefit

(v) Negative Balance in the Statement of Profit and Loss

(vi) Bank Overdraft

(vii) Bills Receivables

(viii) Trade Marks

**22.** निम्नलिखित सूचना से 'हरी दर्शन लिमिटेड' का सामान्य आकार का लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए : *4*

| विवरण | नोट सं. | 2018 – 19 (₹) | 2017 – 18 (₹) |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| व्यापारिक स्टॉक का क्रय | | 7,70,000 | 4,20,000 |
| स्टॉक में परिवर्तन | | 1,20,000 | 80,000 |
| अन्य व्यय | | 52,000 | 30,000 |
| अन्य आय | | 60,000 | 50,000 |
| कर दर 50% | | | |

**अथवा**

31 मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष के लिए डेल्को लिमिटेड के लाभ-हानि विवरण से निम्नलिखित सूचना प्राप्त हुई :

| विवरण | 2018 – 19 (₹) | 2017 – 18 (₹) |
|---|---|---|
| प्रचालनों से आगम | 60,00,000 | 45,00,000 |
| कर्मचारी हित व्यय | 30,00,000 | 22,50,000 |
| मूल्यह्रास | 7,50,000 | 6,00,000 |
| अन्य व्यय | 15,50,000 | 10,00,000 |
| कर दर 50% | | |

तुलनात्मक लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए । *4*



collegedunia India's largest Student Review Platform

Prepare a Common-Size Statement of Profit and Loss of 'Hari Darshan Ltd.' from the following information :

| Particulars | Note No. | 2018 – 19 (₹) | 2017 – 18 (₹) |
|---|---|---|---|
| Revenue from Operations | | 20,00,000 | 10,00,000 |
| Purchase of Stock in Trade | | 7,70,000 | 4,20,000 |
| Changes in Inventories | | 1,20,000 | 80,000 |
| Other Expenses | | 52,000 | 30,000 |
| Other Incomes | | 60,000 | 50,000 |
| Tax Rate 50% | | | |

**OR**

Following information is extracted from the Statement of Profit and Loss of Delko Ltd. for the year ended 31st March, 2019 :

| Particulars | 2018 – 19 (₹) | 2017 – 18 (₹) |
|---|---|---|
| Revenue from Operations | 60,00,000 | 45,00,000 |
| Employee Benefit Expenses | 30,00,000 | 22,50,000 |
| Depreciation | 7,50,000 | 6,00,000 |
| Other Expenses | 15,50,000 | 10,00,000 |
| Tax Rate 50% | | |

Prepare Comparative Statement of Profit and Loss.


collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**23.** 31 मार्च, 2018 को एक्स लिमिटेड का स्थिति विवरण निम्नलिखित प्रकार से था :

**एक्स लिमिटेड**

**31 मार्च, 2018 का स्थिति विवरण**

| | विवरण | नोट सं. | 31.3.2018 ₹ | 31.3.2017 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – समता एवं देयताएँ :** | | | | |
| 1. | **अंशधारी निधियाँ :** | | | |
| | (अ) अंश पूँजी | | 19,00,000 | 17,00,000 |
| | (ब) संचय एवं आधिक्य | 1 | 6,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | **अचल देयताएँ :** | | | |
| | दीर्घकालीन ऋण | 2 | 5,00,000 | 4,00,000 |
| 3. | **चालू देयताएँ :** | | | |
| | (अ) अल्पावधि ऋण | 3 | 1,70,000 | 1,75,000 |
| | (ब) अल्पावधि प्रावधान | 4 | 2,00,000 | 1,65,000 |
| | **कुल** | | 33,70,000 | 27,40,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | | | |
| 1. | **अचल परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | **(अ) स्थायी परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ | 5 | 24,00,000 | 19,00,000 |
| | (ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ | 6 | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | **(ब) अचल विनियोग** | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | **चालू परिसम्पत्तियाँ :** | | | |
| | (अ) चालू विनियोग | | 1,40,000 | 1,70,000 |
| | (ब) (स्टॉक) माल-सूची | | 2,60,000 | 1,30,000 |
| | (स) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य | | 70,000 | 40,000 |
| | **कुल** | | 33,70,000 | 27,40,000 |



collegedunia India's largest Student Review Platform

**खातों के नोट्स :**

| नोट सं. | विवरण | 31.3.2018 ₹ | 31.3.2017 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **संचय एवं आधिक्य :** (आधिक्य अर्थात् लाभ-हानि विवरण का शेष) | 6,00,000 | 3,00,000 |
| | | 6,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | **दीर्घकालीन ऋण :** 12% ऋणपत्र | 5,00,000 | 4,00,000 |
| | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| 3. | **अल्पावधि ऋण :** बैंक अधिविकर्ष | 1,70,000 | 1,75,000 |
| | | 1,70,000 | 1,75,000 |
| 4. | **अल्पावधि प्रावधान :** कर के लिए प्रावधान | 2,00,000 | 1,65,000 |
| | | 2,00,000 | 1,65,000 |
| 5. | **मूर्त परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| | मशीनरी | 26,00,000 | 20,00,000 |
| | घटा : एकत्रित (संचित) मूल्यह्रास | (2,00,000) | (1,00,000) |
| | | 24,00,000 | 19,00,000 |
| 6. | **अमूर्त परिसम्पत्तियाँ :** ख्याति | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | | 2,00,000 | 3,00,000 |

*अतिरिक्त सूचना :*

(i) ₹ 1,00,000 के 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 1 अप्रैल, 2017 को किया गया ।

(ii) वर्ष में ₹ 80,000 लागत की एक मशीनरी जिस पर एकत्रित मूल्यह्रास ₹ 40,000 था को ₹ 10,000 के लाभ पर बेचा गया ।

रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए । *6*



collegedunia India's largest Student Review Platform

Following is the Balance Sheet of X Ltd. as at 31st March, 2018 :

**X Ltd.**
**Balance Sheet as at 31st March, 2018**

| | Particulars | Note No. | 31.3.2018 ₹ | 31.3.2017 ₹ |
|---|---|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | | | |
| 1. | **Shareholder's Funds :** | | | |
| | (a) Share Capital | | 19,00,000 | 17,00,000 |
| | (b) Reserves and Surplus | 1 | 6,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | **Non-Current Liabilities :** | | | |
| | Long-term Borrowings | 2 | 5,00,000 | 4,00,000 |
| 3. | **Current Liabilities :** | | | |
| | (a) Short-term Borrowings | 3 | 1,70,000 | 1,75,000 |
| | (b) Short-term Provisions | 4 | 2,00,000 | 1,65,000 |
| | **Total** | | 33,70,000 | 27,40,000 |
| **II – Assets :** | | | | |
| 1. | **Non-Current Assets :** | | | |
| | **(a) Fixed Assets :** | | | |
| | (i) Tangible Assets | 5 | 24,00,000 | 19,00,000 |
| | (ii) Intangible Assets | 6 | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | **(b) Non-Current Investments :** | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| 2. | **Current Assets :** | | | |
| | (a) Current Investments | | 1,40,000 | 1,70,000 |
| | (b) Inventories | | 2,60,000 | 1,30,000 |
| | (c) Cash and cash equivalents | | 70,000 | 40,000 |
| | **Total** | | 33,70,000 | 27,40,000 |



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**Notes to Accounts :**

| Note No. | Particulars | 31.3.2018 ₹ | 31.3.2017 ₹ |
|---|---|---|---|
| 1. | **Reserves and Surplus :** (Surplus i.e. Balance in Statement of Profit and Loss) | 6,00,000 | 3,00,000 |
| | | 6,00,000 | 3,00,000 |
| 2. | **Long-term Borrowings :** 12% Debentures | 5,00,000 | 4,00,000 |
| | | 5,00,000 | 4,00,000 |
| 3. | **Short-term Borrowings :** Bank Overdraft | 1,70,000 | 1,75,000 |
| | | 1,70,000 | 1,75,000 |
| 4. | **Short-term Provisions :** Provision for Tax | 2,00,000 | 1,65,000 |
| | | 2,00,000 | 1,65,000 |
| 5. | **Tangible Assets :** | | |
| | Machinery | 26,00,000 | 20,00,000 |
| | Less : Accumulated Depreciation | (2,00,000) | (1,00,000) |
| | | 24,00,000 | 19,00,000 |
| 6. | **Intangible Assets :** Goodwill | 2,00,000 | 3,00,000 |
| | | 2,00,000 | 3,00,000 |

*Additional Information :*

(i) ₹ 1,00,000, 12% Debentures were issued on 1 April, 2017.

(ii) During the year, a piece of machinery costing ₹ 80,000 on which accumulated depreciation was ₹ 40,000 was sold at a gain of ₹ 10,000.

Prepare a Cash Flow Statement.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड ख
## विकल्प II
## (अभिकलित्र लेखांकन)
## PART B
## OPTION II
## (Computerised Accounting)

**18.** लेखांकन लेनदेन में डेटा घटक का नाम बताइए । *1*

Name the data element in accounting transaction.

**19.** 'प्राथमिक कुँजी (की)' (Primary Key) का क्या अर्थ है ? *1*

What is meant by 'Primary Key' ?

**20.** 'क्रमानुगत' (Sequential) तथा 'स्मृति-विषयक' (Mnemonic) कोड्स को समझाइए । *4*

**अथवा**

वर्तमान पे-रोल अवधि में 'आय' की गणना करते समय ध्यान में रखे जाने वाले घटक का उल्लेख कीजिए । *4*

Explain 'Sequential' and 'Mnemonic' codes.

**OR**

State the element which is considered while calculating 'earning' for current payroll period.

**21.** एक अच्छे लेखांकन सॉफ्टवेयर की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *4*

**अथवा**

'कम्प्यूट्रीकृत लेखांकन पद्धति' की स्थापना में सन्निहित चरणों का उल्लेख कीजिए । *4*

State the features of a good accounting software.

**OR**

State the steps involved in installation of 'Computerised accounting system'.

**22.** 'पासवर्ड सिक्योरिटी' (Password Security) तथा 'डेटा वॉल्ट' (Data Vault) शब्दों को समझाइए । *4*

Explain the terms 'Password Security' and 'Data Vault'.

**23.** उस सारणी का नाम बताइए जो आँकड़ों की बड़ी राशियों को शीघ्रता से सारांश रूप में प्रस्तुत करने की एक अन्योन्यक्रिया (interactive way) है । इसके पाँच लाभों का उल्लेख कीजिए । *6*

Name the table which is an interactive way to quickly summarize large amounts of data. State its five advantages.



collegedunia
India's largest Student Review Platform